आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शुक्रवार 27.06.2025

मुख्य समाचारः–

1– पच्चीस करोड़ रूपए की लागत से दंतेवाड़ा में स्थापित की जाएगी प्रसंस्करण और कोल्ड स्टोरेज इकाई–केन्द्र सरकार ने दी मंजूरी।

2– तेलंगाना के कोठागुडेम से छत्तीसगढ़ के किरंदुल तक प्रस्तावित नई रेललाइन का सर्वे अंतिम चरण में।

3– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में 'रक्त शक्ति महाअभियान' के तहत एक ही दिन में की गई इंक्यावन हजार से अधिक महिलाओं के हीमोग्लोबीन की जांच–गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज।

4– छत्तीसगढ़ में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है रथयात्रा का पर्व–राज्यपाल और मुख्यमंत्री रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए।

दंतेवाड़ा–कोल्ड स्टोरेज

दंतेवाड़ा जिले में पच्चीस करोड़ रूपए की लागत से प्रसंस्करण और कोल्ड स्टोरेज इकाई की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार के प्रस्ताव को केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से चर्चा कर स्वीकृति प्रदान करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि "यह परियोजना देश में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत पहली ऐसी सरकारी पहल है, जो उपजों के परिरक्षण और उनकी बाजार तक पहुंच को आसान बनाएगी।

छत्तीसगढ़–रेल लाइन परियोजना

तेलंगाना के कोठागुडेम से छत्तीसगढ़ के किरंदुल तक प्रस्तावित करीब एक सौ साठ किलोमीटर लंबी नई रेललाइन का सर्वे अब अंतिम चरण में है। इस प्रस्तावित रेललाइन का एक सौ अड़तीस किलोमीटर हिस्सा सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं।

रेलवे द्वारा अत्याधुनिक लिडार तकनीक के माध्यम से सर्वे कार्य किया जा रहा है। इस रेललाइन परियोजना की निगरानी केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा की जा रही है। माओवाद प्रभावित क्षेत्र होने के करण इसे आंतरिक सुरक्षा के साथ–साथ क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जशपुर–कृषि क्रांति

जशपुर में "कृषि क्रांति" अभियान के तहत कल अट्ठाईस जून से दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य जिले के किसानों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजार से जोड़कर उनके उत्पादों को बेहतर दाम दिलाना है। जिले में कृषि, उद्यानिकी और रेशम उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहली बार एग्री–हॉटी क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

'रक्त शक्ति महाअभियान'

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले ने 'रक्त शक्ति महाअभियान' के तहत एक ही दिन में तेरह से पैंतालीस वर्ष आयु वर्ग की इंक्यावन हजार से अधिक महिलाओं का हीमोग्लोबीन जांच कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड सोनल राजेश शर्मा ने आज पेण्ड्रा में आयोजित पत्रकारवार्ता में इसकी घोषणा करते हुए जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने बताया कि आदिवासी बहुल इस जिले में महिलाओं में एनीमिया का प्रभाव रहा है। शरीर में रक्त की कमी होने से बहुत सारी समस्याएं होती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान छब्बीस जून को जिलेभर के दो सौ तीस अलग–अलग स्थानों पर चलाया गया।

'रक्त शक्ति महाअभियान' का उद्देश्य महिलाओं को एनीमिया से मुक्त कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

संविधान हत्या दिवस

पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को देशभर में इमरजेंसी यानी आपातकाल लागू किया गया था। इस दौरान विपक्षी पार्टियों के अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया, जिन्हें मीसाबंदी कहा जाता है। आपातकाल के विरोध में देशभर में संविधान हत्या दिवस मनाया गया। मीसाबंदी ईश्वर प्रसाद बघेल ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि आपातकाल का दौर बड़ा कष्ट भरा था।

वहीं, उनकी बेटी अनिशा बघेल ने बताया कि आपातकाल के दौर में न केवल उनके पिता ने बल्कि परिवार ने परेशानी झेली।

सुरेन्द्र दुबे–अंतिम संस्कार

साहित्यकार और छत्तीसगढ़ी भाषा के जाने–माने हास्य कवि पद्मश्री डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे का आज रायपुर के मारवाड़ी शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, गृहमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक सुनील सोनी, अनुज शर्मा और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुए। वहीं, कवि कुमार विश्वास, सूफी भजन गायक पद्मश्री मदन चौहान, कवि सुदीप भोला सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। गौरतलब है कवि डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे का कल हृदयाघात से निधन हो गया था।

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल डॉक्टर दुबे के निवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक–संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

माओवादी–आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में छह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें चार महिला माओवादी भी शामिल हैं। ये सभी माओवादी जिले के माड़ डिवीजन और अमदेई एरिया कमेटी में सक्रिय थे। इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत प्रोत्साहन राशि के रूप में पचास–पचास हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया।

आरटीई–आवेदन

निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू होगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में राज्य के सभी जिले के कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया गया है। लॉटरी के माध्यम से स्कूलों का आबंटन बाईस और तेईस जुलाई को किया जाएगा। स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया पच्चीस से इकतीस जुलाई तक की जाएगी।

रथयात्रा

आज देशभर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी रथयात्रा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आज सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दिनभर पूजा–अर्चना का दौर चलता रहा। इस मौके पर विभिन्न स्थानों में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा को रथ पर सवार कर यात्रा निकाली गई।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा–अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस मौके पर उन्होंने भगवान के प्रथम सेवक के रूप में छेरा–पहरा की रस्म निभाई। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रथ यात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओड़िशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही छत्तीसगढ़ के लिए भी है।

रथ यात्रा महोत्सव में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे।

गोंचा–पर्व

जगदलपुर के सीरासार चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर में बस्तर के तुपकी की गर्जना के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं की विधिविधान से पूजा–अर्चना की गई। इसके बाद जब सत्ताईस विग्रहों को तीन रथों में आरूढ कर निकाला गया, तब परंपरानुसार पूर्व राजपरिवार के सदस्य कमलचन्द भंजदेव ने रथ के आगे झाड़ू लगाकर छेरा पहरा की रस्म निभाई। रथ द्वारा ग्रहापरिक्रमा पथ पर एक चक्कर लगाने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को सीराभवन में स्थित गुंडिचा मंडप में स्थापित किया गया। गुंडिचा मंडप में आगामी नौ दिनों तक श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर सकेंगे। इससे पहले, गोंचा महापर्व के तहत छब्बीस जून को नेत्रोत्सव पूजा–विधान संपन्न किया गया।

बातों–बातों में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार संविधान हत्या दिवस पर छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल अट्ठाईस जून को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक तीस जून क़ो दोपहर बारह बजे मंत्रालय में आयोजित की जाएगी।

– राज्यपाल और कुलाधिपति रमेन डेका ने प्रोफेसर डॉक्टर ओम प्रकाश व्यास को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.आई.टी. रायपुर का निदेशक नियुक्त किया है।

– महासमुंद जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरपन पर बीती रात तुमगांव के पास एक मोटर सायकिल ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>